हरिभूमि

# सागर-चम्बल भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, शनिवार 18 अक्टूबर 2025

सागर | खुरई | बांदरी | जरुआखेड़ा | बीना | बंडा | राहतगढ़

04 स्थानीय निर्मित दीपों का बड़ा बाजार चीनी दीपक पसंद...



07 पॉवर लैस ही रहेंगी नपाध्यक्ष रेनू राठौर सुप्रीम कोर्ट...



## खबर संक्षेप

### 146वां नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर 22 को लगेगा

**सागर**। डॉ हरी सिंह गौर विश्वविद्यालय के पूर्व चिकित्सा अधिकारी ब्र. डॉ. सोमेश्वर नाथ शुक्ला एवं ब्र. शांति देवी शुक्ला की स्मृति में एवं भगवान धन्वंतरि जयंती स्मरण के साथ 146 वां निशुल्क स्वास्थ्य शिविर 22 अक्टूबर दिन बुधवार समय 9:00 बजे से दोपहर 12:00 बजे तक आयुर्वेद एवं निदान सहित मधुमेह एवं श्वास व हड्डी रोग पर नि:शुल्क रक्त शर्करा, हीमोग्लोबिन, यूरिक एसिड, बॉडी मांस द्वारा मांस पेशियों की जांच एवं बीएमडी मशीन से हड्डी की जांच तथा योग प्रशिक्षण का आयोजन, शिवोम सोम शांति चिकित्सालय एवं अनुसंधान केंद्र, 5 सिविल लाइन सागर में किया गया है। इच्छुक व्यक्ति 21 अक्टूबर तक डॉ राजेश शुक्ला से संपर्क कर सकते हैं एवं इस शिविर का निशुल्क लाभ ले सकते हैं ।

### शिक्षकों का पांच दिवसीय ब्रेल और सांकेतिक भाषा प्रशिक्षण संपन्न हुआ

**सागर**। विशेष आवश्यकता वाले बच्चों के लिए समावेशी शिक्षा को सशक्त बनाने हेतु जिले भर से आए शिक्षकों का पांच दिवसीय आवासीय प्रशिक्षण 13 अक्टूबर से 17 अक्टूबर तक छात्रावास धर्माश्री, सागर में संपन्न हुआ। यह प्रशिक्षण राज्य शिक्षा केंद्र के निर्देश एवं जिला शिक्षा केंद्र सागर के सानिध्य में आयोजित किया गया, जिसमें दिव्यांग विद्यार्थियों विशेष रूप से श्रवणबाधित एवं दृष्टिबाधित छात्रों के लिए ब्रेल लिपि एवं सांकेतिक भाषा पर केंद्रित प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण का मुख्य उद्देश्य शिक्षकों को इस प्रकार दक्ष बनाना था कि वे दृष्टिबाधित और श्रवणबाधित छात्रों को उनकी क्षमता एवं योग्यता के अनुरूप समाज में अधिक उपयोगी बना सकें और उनके सर्वांगीण विकास में योगदान दे सकें। इस प्रशिक्षण में शिक्षकों को ब्रेल लिपि, पढ़ने-लिखने के कौशल, दैनिक जीवन से जुड़े क्रियाकलापों, और विकासात्मक दक्षताओं के प्रशिक्षण के साथ-साथ इन बच्चों के साथ कार्य करने की व्यावहारिक विधियाँ भी सिखाई गईं। प्रशिक्षण में अब्दुल खान, पंकज पांडा, विजय सिंह गौड़ एवं सुनीता गुरु सहित कई शिक्षकों ने सहभागिता की।

**संकट की घड़ी में कैसे बचाएं जान? डॉक्टरों ने दिया सीपीआर का प्रशिक्षण**

# बीएमसी में प्रशिक्षण पखवाड़ा के तहत 300 से अधिक व्यक्तियों को दिया गया सीपीआर प्रशिक्षण

### सीपीआर प्रशिक्षण से बढ़ेगी जागरुकता, बचेंगी कई लोगों की जिंदगियां

हरिभूमि न्यूज ⏭ सागर

भारत सरकार, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय के दिशा-निर्देशानुसार एवं अधिष्ठाता डॉ. पी.एस. ठाकुर के मार्गदर्शन में बुन्देलखण्ड शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय सागर के आकस्मिक चिकित्सा विभाग एवं निश्चेतना विभाग द्वारा 13 से 17 अक्टूबर तक सी.पी. आर. जागरूकता एवं प्रशिक्षण पखवाड़ा के विभिन्न सत्र आयोजित किये गये। उक्त पहल द्वारा समाज के विभिन्न वर्गों तथा नर्सिंग ऑफीसर्स, पैरामेडीकल छात्र-छात्राओं एवं निजी नर्सिंग महाविद्यालय के छात्रों, सुरक्षाकर्मियों, सहित अन्य स्वास्थ्य कर्मियों को सी.पी.आर. पद्धति पर हैण्ड्स ऑन ट्रेनिंग प्रदान की गई ताकि उनके द्वारा आम नागरिकों को सी.पी.आर. का महत्व समझाया जा सके एवं आकस्मिक स्थिति में पीड़ित व्यक्तियों को सी.पी.आर. दे सकें। सी.पी.आर. की सरल पद्धति द्वारा हृद्याघात पीड़ित व्यक्तियों को समय से मदद पहुँचाने पर मस्तिष्क में होने




वाली क्षति को कम एवं जीवितता को बढ़ाया जा सकता है।आंकड़ों के मुताबिक प्रत्येक मिनट की देरी में हृदयाघात के प्रकरणों में जीवितता में 10-15 प्रतिशत की गिरावट होती है। इसलिये जन-स्वास्थ्य एवं युवाओं में हृद्याघात के बढ़ते प्रतिशत से यह अत्यंत महत्वपूर्ण है कि सभी को सी.पी.आर. पद्धति का ज्ञान एवं प्रशिक्षण आवश्यक है ताकि आकस्मिक स्थिति में आवश्यक चिकित्सा उपलब्ध होने तक आम आदमी द्वारा भी ऐसे पीड़ित व्यक्ति को सी.पी.आर. द्वारा मदद की जा सके।सी.पी.आर. जागरूकता पखवाड़ा के अंतर्गत बुन्देलखण्ड शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय सागर में 300 से अधिक व्यक्तियों को प्रशिक्षित किया गया। उक्त अभियान चिकित्सा महाविद्यालय द्वारा निरंतर जारी रहेगा एवं भविष्य में सी.पी.आर. प्रशिक्षण हेतु इच्छुक संस्था अथवा कोई भी व्यक्ति बुन्देलखण्डशासकीय चिकित्सा महाविद्यालय सागर में संपर्क कर सकता है। उक्त सी.पी. आर. जागरूकता पखवाडा में आकस्मिक चिकित्सा विभाग के विभागाध्यक्ष एवं नोडल अधिकारी, सी.पी.आर. प्रशिक्षण डॉ. सत्येन्द्र उइके, डॉ. सर्वेश जैन, विभागाध्यक्ष निश्चेतना विभाग, डॉ. शशिवाला चौधरी के नेतृत्व में प्रशिक्षण आयोजित किया गया एवं उक्त प्रशिक्षण में डॉ. विशाल गजभिये, डॉ. सौरभ जैन, डॉ. प्रियांशु जैन की सहभागिता रही।

### खाद्य सुरक्षा विभाग की कार्रवाई डेयरी, नमकीन, मिष्ठान दुकानों से लिए गए नमूने, जांच जारी

**सागर**। तिली रोड स्थित डिया डेयरी से मावा, बेसन लड्डू और पनीर के नमूने जांच के लिए लिए गए। मकरोनिया क्षेत्र में स्थित कान्हा वेकर्स में पीकेडी एवं बैंच नंबर अंकित नही होने पर और 24 गुड चिक्की एवं फलाहारी नमकीन नमकीन के नमूने भी संग्रहित किए गए। कुल चार व्यावसायिक प्रतिष्ठानों और एक घरेलू इकाई से सैंपल लिए गए। यह कार्यवाही उक्त जांच दल द्वारा संपन्न की गई। खाद्य सुरक्षा विभाग की यह कार्रवाई लगातार जारी रहेगी।



### विधायक शैलेंद्र जैन से परशुराम कल्याण बोर्ड के प्रतिनिधि मंडल से की भेंट

**सागर**। परशुराम कल्याण बोर्ड के प्रतिनिधि मंडल ने शुक्रवार को सागर विधायक शैलेंद्र कुमार जैन से उनके निवास पर भेंट की और सागर में भगवान परशुराम भवन एवं संग्रहालय के निर्माण की मांग रखी। इस अवसर पर विधायक जैन ने कहा कि भगवान परशुराम हम सभी के आराध्य हैं और जल्द ही सागर में उनके नाम पर एक भव्य मंगल भवन का निर्माण किया जा रहा है। विधायक जैन ने बताया कि भवन में भगवान परशुराम की एक बड़ी प्रतिमा भी स्थापित की जाएगी और वहां सभी आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध होंगी। यह भवन न केवल सामाजिक और सांस्कृतिक कार्यक्रमों के लिए उपयोगी होगा, बल्कि समाज के प्रतिभाशाली छात्र-छात्राओं के लिए पुस्तकालय और ईलाइब्रेरी सहित अन्य आधुनिक सुविधाएं भी प्रदान की जाएँगी। उन्होंने यह भी आश्वासन दिया कि परशुराम संग्रहालय की मांग को भी शीघ्र पूरा किया जाएगा और इसके लिए आवश्यक सभी औपचारिकताएं पूरी करवाई जाएँगी।विधायक शैलेंद्र कुमार जैन ने सभी उपस्थित सदस्यों का आभार व्यक्त किया और कहा कि सागर में भगवान परशुराम जी की महिमा को बढ़ाने तथा सांस्कृतिक और शैक्षणिक उन्नति के लिए यह भवन महत्वपूर्ण साबित होगा।इस अवसर पर प्रतिनिधि मंडल में जिला प्रभारी मधुसूदन खेमरिया, अनुराग भारद्वाज, विपिन दुबे, एकता खेमरिया, मनीष पांडे, राजेश दुबे, शुभम दुबे, प्रवेश दुबे सहित अन्य कई सदस्य उपस्थित थे।



### मां भारती के सच्चे सपूत स्वर्गीय अशोक कुमार दुबे को श्रद्धा सुमन अर्पित किए

**सागर**। महापौर संगीता तिवारी, वरिष्ठ भाजपा नेता सुशील तिवारी, एम आई सी सदस्य शैलेंद्र ठाकुर ने ग्राम नाहरमऊ पहुंचकर मां भारती के सच्चे सपूत, आर एस एस के विभाग कार्यवाह स्वर्गीय अशोक कुमार दुबे को श्राद्ध सुमन अर्पित किए। इस अवसर पर उनके पिताश्री रमेश कुमार दुबे, उनके छोटे भाई अतुल दुबे, केसली मंडल अध्यक्ष राम लखन सिंह ठाकुर, नाहर मऊ सरपंच मुकेश यादव उपस्थित थे। महापौर ने इस अवसर पर रमेश दुबे से आशीर्वाद लिया और उनकी कृतज्ञता अर्पित की उन्होंने स्वर्गीय अशोक दुबे को जो संस्कार दिए उस कारण देश को एक सच्चे मां भारती के सपूत मिल सके। आज हमने एक अपूर्णीय छती झेली है जिसकी भरपाई असंभव है।

### दीप सज्जा एवं रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ रहली

दीपोत्सव पर्व के पूर्व सांदीपनि विद्यालय रहली में मिडिल विंग के छात्र छात्राओं के द्वारा दीपों की सजावट,रंगोली एवं ग्रीटिंग कार्ड का निर्माण किया गया । रंगोली के माध्यम से छात्र छात्राओं ने ऑपरेशन सिन्दूर, विकसित भारत-2047, बेटी बचाओ, स्वच्छ भारत, यातायात के नियम, प्लास्टिक मुक्त भारत आदि का संदेश दिया। दीप सज्जा एवं ग्रीटिंग कार्ड स्टॉल भी आकर्षण का केंद्र रहा। संस्था-प्रभारी एस.के. खरे ने बताया की 35 बच्चो ने दीप सज्जा,रंगोली में 72 एवं 10 बच्चों ग्रीटिंग निर्माण में भाग लिया। छात्रों ने विभिन्न विधाओं में रचनात्मकता के साथ समसामयिक विषयों पर विशेष संदेश देने का प्रयास किया। निर्णायक मंडल द्वारा



प्रथम,द्वतीय एवं तृतीय स्थान की घोषणा की गई। रंगोली में प्रथम पार्थवी हज़ारी द्वितीय राशि सेन एवं तृतीय-पल्लवी पचौरी ने प्राप्त किया। दीप सज्जा में ममता अहिर वार, शैलजा नामदेव एवं चेष्ठा शिल्पी ने स्थान प्राप्त किया। ग्रीटिंग निर्माण में शैलेन्द्र नामदेव ने प्रथम स्थान प्राप्त किया।

इस अवसर पर संस्था के प्राचार्य दिलीप चौबे, एस.के. खरे, नीरज नेमा, गोविंद सिंह ठाकुर, व्ही.ऐस ठाकुर, राकेश चौरसिया, सपना रजक, ज्योति राजावत, स्नेहलता जैन, यशी पटैरिया, दीप्ति जैन किंकेश सेन, ज्योति सिपोल्या, तारा प्रजापति, सरोजनी अग्निहोत्री, हुमेरा खान, अंजना चौरसिया, रजनी सोनी उपस्थित रहीं। संचालन अभिषेक शर्मा के द्वारा किया गया।



Central Hero सेन्ट्रल हीरो
पता- भगवानगंज एवं मकरोनिया, सागर मो. 7225872531, 9111641222




### शासकीय प्राथमिक शाला पामाखेड़ी सागर में आत्मनिर्भर कार्यशाला का हुआ शुभारंभ

**सागर**। भारतीय स्त्रीशक्ति मध्यप्रदेश द्वारा शासकीय प्राथमिक शाला पामाखेड़ी सागर में आत्मनिर्भर कार्यशाला का शुभरम्भ दीप प्रज्जवलन के साथ किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि की आसंदी से सांसद डॉ लता वानखेडे. ने कहा कि यह कार्यशाला केवल एक कार्यक्रम नहीं, बल्कि हमारे भीतर छिपी स्वावलंबन की भावना को जगाने का एक महत्वपूर्ण प्रयास है। आत्मनिर्भरता दूसरों पर निर्भर हुए बिना अपने बल अपने कौशल और अपनी सोच से आगे बढ़ना। आज के युग में आत्मनिर्भर बनना केवल आवश्यकता नहीं, बल्कि यह हमारे 'राष्ट्र निर्माण का आधार' है। हर व्यक्ति को अपनी क्षमताओं पर विश्वास करना चाहिए। हम सब अपने जीवन में कोई न कोई ऐसा कौशल विकसित करें जिससे हम खुद के साथ-साथ समाज और देश की प्रगति में योगदान दे सकें। मुझे विश्वास है कि आने वाले कुछ दिनों में यह कार्यशाला अनेक प्रतिभाओं को निखारेगी उन्हें आत्मनिर्भर बनने का मार्ग दिखाएगी और ''वोकल फॉर लोकल'' के संकल्प को साकार करेगी।

वक्तव्य की अगली श्रृखला में अध्यक्षता की आसंदी से भारतीय स्त्री शक्ति की प्रदेश उपाध्यक्ष, डॉ प्रतिभा तिवारी ने कहा कि जब हम आत्मनिर्भर बनते हैं तब हम न केवल अपने सपनों को साकार करते हैं बल्कि अपने आस-पास के लोगों को भी प्रेरित करते हैं। आत्मनिर्भरता हमें आत्मविश्वास, साहस और गरिमा देती है। आज की इस कार्यशाला में हम न केवल 'कौशल' सीख रहे हैं बल्कि जीवन जीने की एक नई दिशा भी पा रहे हैं। यह सीख हमें आगे चलकर हर चुनौती का सामना करने की ताकत देगी। आत्मनिर्भर बनना ही सच्ची स्वतंत्रता है। जब हम खुद पर भरोसा करना सीख जाते हैं तब कोई भी कठिनाई हमें रोक नहीं सकती। इस कार्यशाला से प्रेरणा लेकर हम सब मिलकर एक सशक्त, सक्षम और आत्मनिर्भर भारत के निर्माण में अपना योगदान दें। इस कार्यशाला के माध्यम से हमारे युवा, महिलाएँ, छात्र-छात्राएँ सभी अपने-अपने क्षेत्रों में नई संभावनाएँ तलाश सकेंगे। यह न केवल रोजगार का माध्यम बनेगी, बल्कि रोजगार देने की शक्ति भी प्रदान करेगी। वक्तव्य की अगली श्रृखला में विशिष्ट अतिथि पामाखेड़ी की सरपंच प्रीति राव ने कहा कि यह केवल एक कार्यशाला नहीं, बल्कि स्वावलंबन, नवाचार और आत्मविष्वास की दिशा में बढ़ाया गया एक प्रेरणादायी कदम है। हम देश की जरूरतों को स्वयं पूरा करें, अपने संसाधनों का उपयोग करें और अपनी प्रतिभा से अपने देश को मजबूत बनाएं।



## खबर संक्षेप

### मारपीट के मामले में दर्ज की एफआईआर

**ललितपुर।** कोतवाली तालबेहट अन्तर्गत ग्राम कड़ेसराकलां में रहने वाले सीताराम अहिरवार पुत्र बारेलाल ने पुलिस क्षेत्राधिकारी तालबेहट को शिकायती पत्र दिया है। बताया कि 26 सितम्बर को रात करीब 10 बजे उसका पुत्र विक्रम झांकी देखने के लिए गया था। तभी गांव के धर्मवीर पुत्र प्रकाश, तरूण पुत्र सोनू अहिरवार ने रास्ते में रोक लिया और गालियां देते हुये मारपीट कर दी, जिससे उसके पुत्र का हाथ टूट गया। शोरगुल सुनकर बचाव करने जब वह पहुंचा तो उक्त लोगों ने मारपीट करते हुये जान से मारने की धमकी दी। मामले की शिकायत 27 सितम्बर को तालबेहट पुलिस से की, लेकिन कोई सुनवाई नहीं हुयी। पीड़ित की तहरीर व सीओ के आदेश पर तालबेहट पुलिस ने उक्त लोगों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी।

### एपीजे अब्दुल कलाम की पुण्यतिथि मनाई

**गुलाबगंज।** वर्ल्ड वे सीनियर सेकेंडरी स्कूल में पूर्व राष्ट्रपति डॉ एपीजे अब्दुल कलाम साहब की पुण्यतिथि पर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की गई है। स्कूल डायरेक्टर दानिश अली जाफरी ने कहा कि मिसाइल मैन के नाम से मशहूर अब्दुल कलाम का पूरी जीवनी आज की युवा पीढ़ी और नई पीढ़ी के लिए एक शिक्षा की तरह है। स्कूल प्रिंसिपल अजय कुमार दास ने कहा की देश का सर्वोच्च पद पाने के बाद भी कलाम साहब हमेशा जमीन से जुड़े रहे उनका स्वभाव बेहद सहज सरल और विनम्र था वह हमेशा खुद को एक वैज्ञानिक व शिक्षक की तरह ही देखा करते थे बच्चों के द्वारा कलाम साहब के चित्र पर माल्यार्पण कर उन्हे श्रद्धांजलि अर्पित की गई।

### दो नाबालिग खोजकर परिजनों के सुपुर्द किए

**विदिशा।** जिले में गुमशुदा एवं अपहता बालक-बालिकाओं की तलाश और सुरक्षित दस्तयाबी के लिए चलाए जा रहे ऑपरेशन मुस्कान अभियान के तहत सिविल लाइन पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। थाना सिविल लाइन पुलिस ने अपहृत दो नाबालिग बालिकाओं को सकुशल दस्तयाब कर परिजनों के सुपुर्द किया है। 13 अक्टूबर को करैया खेड़ा रोड निवासी 16 वर्ष एवं 15 वर्ष की दो नाबालिग बालिकाओं के अपहरण की सूचना पुलिस को प्राप्त हुई थी।

### दीपावली से पहले वेतन देने सीएमओ को ज्ञापन

**विदिशा।** नेता प्रतिपक्ष आशीष माहेश्वरी ने सीएमओ दुर्गेश सिंह ठाकुर को बुधवार को ज्ञापन सौंपा। उन्होंने मांग की नगरपालिका अधिकारी, कर्मचारियों को दीपावली से पहले वेतन दिया जाए। जिससे वह खुशी-खुशी अपने परिवार के साथ दीपावली का त्यौहार मना सकें।

### पुराने पॉक्सो प्रकरण में आरोपी गिरफ्तार

**विदिशा।** त्योंदा पुलिस ने एक वर्ष पुराने गंभीर पॉक्सो प्रकरण में पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया है। आरोपी ने एक वर्ष पूर्व नाबालिग पीड़िता के साथ दुष्कर्म किया था। पीड़िता की तबीयत बिगड़ने पर घटना का खुलासा हुआ, जिसके बाद थाना त्योंदा पुलिस ने तत्परता और संवेदनशीलता के साथ जांच प्रारंभ की। जांच के दौरान पुलिस ने 14 अक्टूबर को आरोपी के घर पर दबिश देकर उसे गिरफ्तार किया। आवश्यक विधिक कार्रवाई के बाद आरोपी को न्यायालय में प्रस्तुत किया गया। पुलिस की इस त्वरित एवं प्रभावी कार्रवाई से पीड़िता के परिजनों ने राहत की सांस ली है। वहीं पुलिस अधीक्षक रोहित काशवानी ने महिला एवं बाल सुरक्षा से जुड़े मामलों में त्वरित कार्रवाई के निर्देश सभी थाना प्रभारियों को दिए हैं।

### 10 ग्राम ब्राउन शुगर और अवैध हथियार बरामद, आठ गिरफ्तार

**विदिशा।** थाना सिविल लाइन पुलिस ने अवैध हथियारों के खिलाफ बड़ी कार्रवाई की है। पुलिस ने रुसल्ला रोड बायपास के पास मुखबिर की सूचना पर दबिश देकर 10 ग्राम ब्राउन शुगर, दो तलवारों सहित 8 आरोपियों को गिरफ्तार किया है।

---

### कड़ी मेहनत से तैयार होते हैं दीप, दीपावली पर जगमग होने को तैयार

# स्थानीय निर्मित दीपों का बड़ा बाजार चीनी दीपक पसंद नहीं करते लोग




हरिभूमि न्यूज ▶▶ ललितपुर

जीवन में नई उमंग, तरंग, रौशनी और उम्मीदों का त्यौहारों दीपावली आने में कुछ दिन ही शेष बचे हैं। दीपावली भले ही अक्टूबर माह में है, लेकिन इसकी तैयारियां कई महीनों पहले से शुरू हो जाती है। विदेशी सामान के प्रति बदले लोगों के नजरिए के चलते इस वर्ष विदेशी सामान के साथ ही चाइनीज दियों को लोग अभी से नजर अंदाज करते देखे जा सकते हैं। इससे यही लग रहा है कि इस वर्ष दीपावली पर देशी मिटटी से बने दीपक घर-घर पहुंच कर अंधेरा दूर करने के लिए जगमग होंगे। गौरतलब है कि धन, यश, वैभव की देवी मां लक्ष्मी व भगवान विष्णु की आराधना का प्रतीक दीपावली वर्ष का सबसे बड़ा त्यौहार माना जाता है। दीपावली को दीप का त्यौहार भी कहा जाता है। दीवाली इसलिए मनायी जाती है क्योंकि इस दिन भगवान श्री राम 14 साल का वनवास काटकर अयोध्या लौटे थे। दीवाली की शाम भगवान लक्ष्मी और गणेश जी की पूजा की जाती है। इन दिन सभी लोग अपने घरों, दुकानों, दफ्तरों आदि में दीप जलाते हैं।

#### कुम्हार (प्रजापति) समाज का दीपक बनाने में बड़ा योगदान

दीपावली त्योहार को लेकर महीनों पहले शुरू होने वाली तैयारियों को लेकर बुन्देलखण्ड में कुम्हार (प्रजापति) समाज के लोग खेत से मिटटी लाते हैं। मिटटी का शोधन कर उसमें मिटटी के दिये व अन्य वर्तन बनाने के लिए तैयार करते हैं। पूरी तरह से तैयार होने के बाद मिटटी का चाक पर रखकर उसे विभिन्न आकारों में ढाल कर दिये, तवा, मटका, मटकी, गुल्लक इत्यादि के अलावा अनेकों प्रकार के वर्तन बनाये जाते हैं। मिटटी से बने इन वर्तनों को शुद्धता का प्रतीक भी कहा जाता है।

#### मिटटी के लिए पट्टों की दरकार

कुम्हार जाति के लोगों को शासन द्वारा आजीविका संचालन के लिए इलेक्ट्रिक चाक तो प्रदान किये गये थे, लेकिन उसमें कोई भी सामग्री बनाने के लिए उपयोग होने वाली मिटटी के लिए जमीनों के पट्टों का आवंटन नहीं किया गया है, जिससे चाक पाने के बाद भी कई लाभार्थियों के पास मिटटी न होने के कारण चाक बंद पड़े हैं और योजना भी अपना सार्थक रूप नहीं ले पा रही है। ऐसे में सजातीय बंधुओं ने शासन-प्रशासन से मिटटी के लिए जमीन के पट्टे किये जाने की मांग उठायी है। दिये बनाने वाले लोग बताते हैं कि उन्हें शासन से चाक देकर लाभान्वित तो किया गया था, लेकिन जमीन के लिए पट्टे नहीं दिये गये, जिससे उन्हें मिटटी के लिए काफी परेशानी का सामना करना पड़ता है।

---

### साइबर क्राइम थाने की कार्रवाई

## गलती से दूसरे खाते में भेजे 33.550 रुपए वापस कराए



**ललितपुर।** अपर पुलिस महानिदेशक कानपुर जोन, पुलिस उपमहानिरीक्षक झांसी परिक्षेत्र के निर्देशन में पुलिस अधीक्षक मो. मुश्ताक के कुशल नेतृत्व में साइबर क्राइम थाना, पुलिस द्वारा शिकायतकर्ता मोहल्ला तालाबपुरा निवासी शंकरलाल साहू पुत्र मनोहर लाल साहू के गलती 33 हजार 550 रुपये की धनराशि दूसरे व्यक्ति के खाते में भेज दिए थे, जिसके सम्बन्ध में साइबर क्राइम थाना पर पीड़ित द्वारा शिकायत की गयी थी। साइबर क्राइम थाना पुलिस टीम ने पीड़ित द्वारा उपलब्ध कराये गये बैंक स्टेटमेन्ट व अन्य प्रपत्रों के आधार पर त्वरित व प्रभावी कार्यवाही करते हुये सम्बंधित बैंक व खाता धारक से सम्पर्क कर पीड़ित के सम्पूर्ण धनराशि को नियमानुसार वापस कराया गया। पीड़ित का सम्पूर्ण धनराशि उसके खाते में वापस होने पर पीड़ित द्वारा पुलिस अधीक्षक व साइबर क्राइम थाना पुलिस टीम का आभार जताया। कार्य को अंजाम देने वाली साइबर थाना पुलिस टीम ने अपील की है कि पेमेंट करते समय सावधानी बरतें, जिनमें खाता नंबर और आईएफएससी कोड ध्यान से जांचें, पेमेंट करने से पहले रिसीवर का खाता नंबर, आईएफएससी कोड और नाम दोबारा जांचें। क्यू.आर. कोड स्कैन करते समय सावधानी रखें, केवल भरोसेमंद और प्रमाणित दुकानदार या व्यक्ति का क्यूआर कोड स्कैन करें। क्यूआर कोड ध्यान से चेक करें, यूपीआई ऐप आमतौर पर रिसीवर का नाम दिखाता है, एक बार मिलान जरूर करें। धोखाधड़ी की स्थिति में तुरंत साइबर हेल्पलाइन नंबर 1930 पर रिपोर्ट करें या एनसीसीआरपी पोर्टल या साइबर क्राइम की वेवसाइट पर अपनी शिकायत ऑनलाईन दर्ज करें तथा स्थानीय पुलिस को अविलंब सूचित करें।

---

### पठन-पाठन सामग्री व मिठाई बांटी

## जहां शिक्षा की ज्योति जलती, वहीं सेवा का दीप प्रज्वलित होताः सन्मति




**ललितपुर।** दीपावली महापर्व की पावन बेला पर लायंस क्लब ललितपुर सेवा ने जहां शिक्षा की ज्योति जलती है, वहीं सेवा का दीप प्रज्वलित होता है इस भावना को साकार किया पास्ट इंटरनेशनल डायरेक्टर, सीए एरिया लीडर, जीएटी एवं एलसीआईएफ लायन जितेंद्र सिंह चौहान के शुभ दिवस के उपलक्ष्य में आयोजित इस विशेष सेवा कार्यक्रम में समाज की निर्धन एवं प्रतिभाशाली बालिकाओं को बेडिंग सामग्री, पठन-पाठन सामग्री एवं मिठाई वितरित की गई। यह आयोजन लायन संजीव जैन (ममता स्पोर्ट्स), लायन हरगोविंद डोडवानी एवं लायन लोकेश जैन के सौजन्य से सम्पन्न हुआ। मुख्य अतिथि के रूप में एमजेएफ ला. सन्मति सर्राफ, डिस्ट्रिक्ट गवर्नर, लायंस इंटरनेशनल डिस्ट्रिक्ट 321-बी2 उपस्थित रहे। उन्होंने कहा कि सेवा का सबसे श्रेष्ठ रूप है शिक्षा। जब किसी बेटी के हाथ में किताब और आत्मविश्वास आता है, तभी समाज की असली दीपावली होती है। श्री चौहान ने जीवन समाजसेवा, नेतृत्व और करुणा की मिसाल है, और उनका जन्मदिन शिक्षा-सेवा उत्सव के रूप में मनाना ही सच्चा सम्मान है। विहान विद्यालय की हॉस्टल में रहकर शिक्षा प्राप्त करने वाली बालिकाओं को बेडिंग सामग्री, मिठाई एवं पठन-पाठन सामग्री भेंट की गई। विद्यालय की प्रधानाचार्या सावित्री सहित समस्त शिक्षकों एवं स्टाफ की उपस्थिति ने कार्यक्रम की गरिमा को और बढ़ाया। क्लब अध्यक्ष लायन राजीव पटवारी ने कहा कि लायंस क्लब ललितपुर सेवा का उद्देश्य केवल सहायता नहीं, बल्कि आत्मनिर्भरता है। शिक्षित बेटी ही परिवार और राष्ट्र की असली शक्ति है।

सेक्रेटरी ला. डा.दीपक चौबे ने कहा कि जब सेवा शिक्षा से जुड़ती है, तो उसका प्रभाव केवल एक दिन नहीं, बल्कि आने वाली पीडीयो तक रहता है। अतिथियों के विचारों में झलकी प्रेरणा विशिष्ट अतिथि लायन हरीश कपूर (टीटू) ने कहा कि दीपावली की असली रोशनी तब होती है जब किसी बालिका के जीवन में शिक्षा का दीपक जलता है। लायंस क्लब का यह प्रयास प्रेरणादायी है। लायन संजीव जैन (ममता स्पोर्ट्स) ने कहा कि पीआईडी लायन जितेंद्र सिंह चौहान का जन्मदिन सेवा और शिक्षा के संगम के रूप में मनाना समाज में नई सोच जगाता है। लायंस क्लब सेवा की पदाधिकारी ने अपने-अपने वक्तव्य में सेवा की भावना ही लायनिज़्म का आधार है, और जब यह भावना बालिकाओं की शिक्षा से जुड़ती है, तो यह समाज में स्थायी परिवर्तन लाती है। बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ अभियान को सफल बनाना तभी संभव है जब हर संस्था शिक्षा-सेवा के ऐसे प्रयास करे।

#### विद्यालय परिवार को दी दीपावली की शुभकामनाएं

कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रेसिडेंट लायन राजीव पटवारी ने की तथा संचालन लायन डा.दीपक चौबे द्वारा किया गया। विद्यालय परिवार ने लायंस क्लब के इस सराहनीय प्रयास की मुक्त कंठ से प्रशंसा की। अंत में एमजेएफ लायन सन्मति सर्राफ ने सभी लायंस सदस्यों एवं विद्यालय परिवार को दीपावली की हार्दिक शुभकामनाएं देते हुए कहा कि शिक्षा और सेवा यही दो दीपक हैं जो अंधकार मिटाते हैं। जब बेटियां शिक्षित होंगी, तभी समाज सशक्त और प्रकाशित होगा इ्र यही हमारी सच्ची दीपावली है। दीपोत्सव की इस पावन बेला पर लायंस क्लब ललितपुर सेवा का यह आयोजन शिक्षा, सेवा और संवेदना का अद्भुत संगम बन गया। समाजशास्त्र विभाग द्वारा संचालित विहान बालिका आवासीय विद्यालय (नि.श्र.) में दीपों के त्योहार दीपावली के अवसर पर लायंस क्लब के सदस्यों द्वारा विद्यालय की छात्राओं को प्रोत्साहन स्वरूप पठन-पाठन,हॉस्टल बेडिंग सामग्री एवं स्वल्पाहार वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

#### स्वागत गीत प्रस्तुत कर अतिथियों का स्वागत

जिसके मुख्य अतिथि लायंस क्लब सेवा इस कार्यक्रम की शुरुआत में कक्षा 8 की छात्राओं द्वारा मधुर स्वागत गीत प्रस्तुत कर अतिथियों का स्वागत किया गया एवं आए हुए अतिथियों द्वारा विद्यादायिनी मां सरस्वती जी को माल्यार्पण कर उनके समक्ष दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम को प्रारंभ किया गया। तत्पश्चात आए हुए अतिथियों द्वारा समस्त छात्राओं को जीवन में निरंतर प्रयासरत रहते हुए आगे बढ़ाने के लिए प्रोत्साहित किया गया। छात्राओं द्वारा दिवाली पर्व के उपलक्ष पर बनाए गए सुंदर-सुंदर मिट्टी के दिये, गणेश -लक्ष्मी, वॉल हैंगिंग, ग्रीटिंग कार्ड, शुभ लाभ, तोरण, दीपक स्टैंड इत्यादि कलाओं की प्रशंसा की। विद्यालय की विद्यालय अधिक्षिका द्वारा आए हुए अतिथि गणों का आभार छात्राओं द्वारा बनाए गए बुके देकर किया गया। छात्राओं द्वारा बनाए गए बुके की उपस्थित समस्त अतिथि गणो द्वारा प्रशंसा की गयी। उनके द्वारा उपस्थित समस्त स्टाफ को ओढन वाली चादर एवं मिठाइयां व सभी छात्राओं को ओढने वाली चादर,मिठाई और स्टेशनरी वितरित की गई। जिसे पाकर समस्त स्टाफ एवं बालिकाएं प्रसन्नचित हुए। इस दौरान विद्यालय अधिक्षिका सावित्री शिक्षिका आकांक्षा पांडे, अंकिता सिंह, प्रियंका नामदेव, अभिलाषा यादव, नेहा कुशवाहा, दयाली आदि विद्यालय स्टाफ उपस्थित रहे।

---

### सीपीआर जागरूकता के अंतर्गत गोष्ठी आयोजित

## कार्डियोपलमोरनरी रेजिस्टेंस में प्रशिक्षण और सामुदायिक भागीदार को बढ़ावा देनाः अहमद

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ललितपुर

सी.एम.ओ. कार्यालय ललितपुर सभागार में सीपीआर जागरूकता सप्ताह के संबंध में गोष्ठी का आयोजन किया गया। गोष्ठी में मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. इम्तियाज अहमद ने बताया कि कार्डियोपल्मोनरी रिससिटेशन एक महत्वपूर्ण जीवनरक्षक और आपातकालीन प्रक्रिया है जो गंभीर हृदय संबंधी मामलों में जीवित रहने की संभावनाओं को बेहतर बनाती है। भारत में अचानक होने वाली मौत के मामले बढ़ रहे हैं।

सीपीआर जागरूकता सप्ताह का उद्देश्य कार्डियोपल्मोनरी रिससिटेशन में प्रशिक्षण और सामुदायिक भागीदारी को बढ़ावा देना है। नोडल अधिकारी डॉ अमित तिवारी ने बताया कि इस पहल का उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि हर घर, स्कूल, कार्यालय और सार्वजनिक स्थान पर कम से कम एक व्यक्ति इस जीवनरक्षक तकनीक में प्रशिक्षित हो। देश में अचानक होने वाली मौतों के प्रमुख कारणों में से एक हृदयाघात है, और ऐसे मामले वहां होते हैं, जहां अक्सर तत्काल चिकित्सा सहायता उपलब्ध नहीं होती। ऐसे नाजुक क्षणों में, किसी व्यक्ति द्वारा समय पर सीपीआर देने से जीवन की गुणवत्ता में काफ़ी सुधार हो सकता है।

#### सीपीआर का लाइव डेमान्ट्रेशन किया

गोष्ठी के दौरान पब्लिक हेल्थ स्पेशलिस्ट डॉ. सौरभ सक्सेना ने सीपीआर का लाइव डेमोन्ट्रेशन किया। डॉ. सौरभ सक्सेना ने बताया कि लोगों में सीपीआर संबंधी जानकारी के अभाव को ध्यान में रखते हुए और निरंतर समुदाय-केंद्रित प्रयासों को बढ़ावा देने के लिए 13-से 17 अक्टूबर, 2025 तक सीपीआर जागरूकता सप्ताह मनाया जा रहा है, जिसका उद्देश्य आम लोगों में सीपीआर के बारे में व्यापक जागरूकता बढ़ाना और क्षमता निर्माण करना है। गोष्ठी के दौरान प्रतिभागियों ने सीपीआर जागरूकता को बढ़ावा देने और दूसरों को इस जीवनरक्षक तकनीक को सीखने के लिए प्रोत्साहित करने का संकल्प भी लिया। कार्डियोपल्मोनरी रिससिटेशन एक आपातकालीन उपचार है, जो किसी व्यक्ति की साँस या दिल की धड़कन रुक जाने पर, जैसे कि दिल का दौरा पड़ने या डूबने की स्थिति में, उसकी जान बचाने में मदद कर सकता है सीपीआर की मदद से ऑक्सीजन युक्त रक्त का प्रवाह मस्तिष्क और अन्य अंगों तक बना रहता है, जो हृदय की धड़कन सामान्य होने तक मस्तिष्क को नुकसान से बचाने में महत्वपूर्ण है। गोष्ठी के दौरान उप मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ शिव प्रकाश, डॉ. अवधेश चन्द्र यादव, कनिष्ठ सहायक कु. ललिता, जन्म-मृत्यु डीपीए आलोक सचान एवं सीएमओ कार्यालय के अन्य अधिकारी कर्मचारी मौजूद रहे।




---

### कई राज्यों व उत्तर प्रदेश से बरामदी का दावा

## खोए हुए 134 मोबाइल फोन बरामद कर एसपी ने स्वामियों को सौंपे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ललितपुर

पुलिस अधीक्षक मो.मुश्ताक द्वारा जनसुनवाई में प्राप्त खोये/गिरे मोबाइल फोन से सम्बन्धित प्रार्थना पत्रों का संज्ञान लेते हुए सर्विलांस टीम, थानों पर गठित टीम द्वारा गुमशुदा मोबाइल फोन की बरामदगी हेतु अभियान चलाया गया था।

इस अभियान के अनुपालन में सर्विलांस टीम/थानों पर गठित टीम के अथक प्रयास से अलग-अलग राज्यों एवं उत्तर प्रदेश के अलग-अलग जिलों से विभिन्न कम्पनियों के कुल 134 अदद मल्टीमीडिया मोबाइल फोन, कीमत लगभग 24.5 लाख रूपये बरामद करने में



सफलता प्राप्त हुई है। एसपी ने पुलिस लाइन सभागार कक्ष में बरामदशुदा मोबाइल फोन को उनके वास्तविक स्वामियों को सुपुर्द किया। मोबाइल फोन बरामद करने वाली पुलिस टीम में सर्विलांस सेल प्रभारी उ.नि.अरूण कुमार, स्वाट टीम प्रभारी उ.नि.अतुल तिवारी, हे.कां.जिनेन्द्र सिंह, हे.कां.प्रशान्त कुमार, कां.रोहित कुमार, कां.मो.आमिर, कां.मोहित सिंह आदि शामिल रहे।

---

### सामूहिक विवाह के लिए करें आवेदन

## परित्याग विधवाओं के विवाह के लिए दिया जाएगा अनुदान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ललितपुर

समाज कल्याण विभाग द्वारा संचालित गरीबी रेखा के नीचे जीवन यापन करने वाले जरुरतमन्द, निराश्रित, निर्धन परिवारों की विवाह योग्य कन्या, विधवा, परित्यक्ता, तलाकशुदा महिलाओं के सामूहिक विवाह हेतु मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के तहत होने वाली शादियों की तिथि तय कर दी गयी है। जनपद में मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह का आयोजन 12 नवम्बर 2025 को होना प्रस्तावित है। पंजीयन के समय वधु व वर की फोटो, आधारकार्ड, आयु प्रमाणपत्र, निवास प्रमाण पत्र, वधू की बैंक पासबुक की छायाप्रति संलग्न करना होगी। योजना का लाभ उसी वधु को दिया जाएगा जो ललितपुर की निवासी है, लेकिन वर किसी भी राज्य या जिले का हो सकता है। इस बार योजना के तहत हर जोड़े पर 1 लाख रुपयें खर्च किए जाएंगे, जिसमें 60 हजार रुपये वधू के बैंक खाते में भेजे जाएगें, जबकि बाकी राषि उपहार, आयोजन आदि पर खर्च की जाएगी। डीएम के आदेशानुसार नगर पालिका अधिशासी अधिकारी, समस्त ईओ नगर पंचायत एवं समस्त खण्ड विकास अधिकारियों को निर्देशित कर दिया गया है कि वह अपने अपने क्षेत्र में उक्त तिथि का प्रचार-प्रसार कराकर अधिक से अधिक जोड़ो का पंजीकरण कराना सुनिश्चित करें।

---

## पुलिस पंचायत में 12 वर्षों से बिछड़े रिश्तों में आई मिठासः कल तक नाराज माता-पिता और बेटे ने एक-दूसरे को खिलाई मिठाई

**रिटायर्ड कर्मचारी को वापस मिला किराए से दिया हुआ मकान।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ विदिशा

एसपी रोहित काशवानी के निर्देशन में गठित पुलिस पंचायत की साप्ताहिक बैठक अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक डॉ. प्रशांत चौबे की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में कुल चार प्रमुख पारिवारिक एवं सामाजिक विवादों का शांतिपूर्ण समाधान किया गया।

बारह वर्षों से संपत्ति एवं कारखाने को लेकर चल रहे विवाद में माता-पिता और पुत्र के बीच वार्ता तक बंद हो चुकी थी। पुलिस पंचायत में दोनों पक्षों को समझाइश देकर सहमति बनाई गई। एक-दूसरे के दृष्टिकोण को समझते हुए परिवार ने पुरानी कटुता भुलाकर रिश्तों में नई शुरुआत की। दोनों पक्षों ने मिठाई खिलाकर सौहार्दपूर्ण तरीके से



विवाद समाप्त किया। एक बुजुर्ग दंपत्ति द्वारा शिकायत की गई कि उनका पुत्र माँ को अपशब्द कहता है। पंचायत के समक्ष दोनों पक्षों की बात सुनने के बाद बेटे को उसकी माँ के त्याग का स्मरण कराया गया। भावनात्मक समझाइश के बाद पुत्र ने माता-पिता से क्षमा मांगी, पैर छुए और मिठाई खिलाकर भविष्य में कभी झगड़ा न करने की कसम ली।

#### यह प्रकरण भी आए

एक बुजुर्ग दंपती द्वारा 7 वर्ष पूर्व गिरवी रखी चांदी की रकम की वापसी का मामला उठाया गया। पंचायत ने दोनों पक्षों को कानूनी पक्षों से अवगत कराकर सहमति कराई। अब बुजुर्ग दंपत्ति को निर्धारित राशि के अनुरूप रकम वापस की जाएगी। पुत्र के देहांत के बाद बहू से विवाद की शिकायत एक सीनियर सिटीजन द्वारा की गई थी। पंचायत ने दोनों पक्षों को सुनकर समझौता कराया कि बहू भरण-पोषण हेतु नियमित आर्थिक सहायता देगी तथा अन्य परिजन बिजली बिल व पुराने कर्जों के भुगतान में सहयोग करेंगे।

इधर दीपावली पर वेतन नहीं मिलने पर नपा कर्मचारियों ने भीख मांग कर जताया विरोध

# पॉवर लैस ही रहेंगी नपाध्यक्ष रेनू राठौर सुप्रीम कोर्ट ने खारिज कर दी अपील

हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर

हाईकोर्ट से अपील खारिज होने के बाद नगर पालिका श्योपुर की अध्यक्ष रेनू राठौर को सुप्रीम कोर्ट में भी राहत नहीं मिली है। शुक्रवार को सुप्रीम कोर्ट ने रेनू राठौर द्वारा दायर की गई अपील को सुनने से ही इनकार कर दिया। सुप्रीम कोर्ट ने हाई कोर्ट के फैसले को सही बताते हुए रेनू को वापस उसी हाई कोर्ट की ग्वालियर खंडपीठ में वापस भेज दिया जहां मामला विचाराधीन है। अब जब तक केस में फैसला नहीं आएगा तब तक रेनू राठौर के अध्यक्षीय पावर शिथिल किए रहेंगे। इधर नगर पालिका कर्मचारियों ने सड़क पर बैठकर दीपावली पर वेतन नहीं मिलने की बात कहते हुए भीख मांग कर अपना विरोध दर्ज कराया जो भी चर्चा में रहा।

शुक्रवार को पूरे शहर की निगाहें सुप्रीम कोर्ट पर टिकी हुई थी जहां नगर पालिका अध्यक्ष के पावर रेनू राठौर को लौटाने के लिए सरकार अथवा रेनू राठौर की ओर से अपील की गई थी 50 में नंबर पर उक्त केस की सुनवाई होनी थी हालांकि नपाध्यक्ष रेनू राठौर के समर्थकों को पूरा विश्वास था कि सुप्रीम कोर्ट इस मामले में तत्काल स्टेट ऑर्डर कर देगा लेकिन ऐसा हुआ नहीं सुप्रीम कोर्ट के जस्टिस संजय कुमार एवं जस्टिस अलोक अराधे की बेंच ने फाइल को देखते हुए हाईकोर्ट द्वारा दिए गए निर्णय को सही ठहराते हुए वापस हाईकोर्ट ग्वालियर खंडपीठ के लिए भेज दिया इसी के साथ रेनू राठौर के दोबारा अध्यक्ष के पावर में आने की संभावनाएं भी शायद समाप्त हो गई है अब जब तक कैस चलेगा तब तक रेनू राठौर नगर पालिका में पार्षद की हैसियत से कामकाज करेंगी इस दौरान वित्तीय प्रभार किस पर रहेगा फिलहाल इस बात पर कयास ही लगाए जा रहे हैं।



### दीपावली पर वेतन नहीं मिलने से कर्मचारियों ने किया विरोध

इधर नगर पालिका कार्यालय के बाहर कर्मचारियों ने सड़क पर बेठकर भीख मांग कर उन्हें दीपावली पर वेतन नहीं दिए जाने का विरोध जताया। कर्मचारियों का कहना है कि दीपावली हिंदुओं का मुख्य त्यौहार है और इस त्यौहार पर सभी कर्मचारियों को हमेशा दीपावली पूर्व वेतन मिलता रहा है लेकिन इस बार 2 महीने का वेतन पूर्व से ही नहीं मिला है कर्मचारियों के घरों में दीपावली बिन वेतन के काली ही मानेगी। उन्हें वेतन कब मिलेगा और कौन देगा यह बताने वाला कोई नहीं है। वेतन नहीं मिलने का विरोध कर्मचारियों ने नगर पालिका कार्यालय के बाहर फर्श बिछाकर कटोरा रखकर भीख मांग कर विरोध जताया।

### वित्तीय प्रभार किसके पास रहेंगे?

अब प्रश्न यह आन खड़ा हुआ है कि नगर पालिका में वित्तीय प्रभार किसके पास रहेंगे हालांकि कोर्ट के निर्देश के बाद रेनू राठौर को जो पावर लेस किया है उसकी श्रेणी में सिर्फ वित्तीय प्रभार ही आता है जिसके चलते यह तो तय है कि वित्तीय प्रभार अब रेनू राठौर पर जाना संभव नहीं है लेकिन नगर पालिका में कर्मचारी को वेतन देना निर्माण कार्यों में ठेकेदारों को किए गए काम का भुगतान करना जैसे कामों के लिए चेक पर हस्ताक्षर कौन करेगा? हालांकि कुछ लोग यह कह रहे हैं कि कलेक्टर अस्थाई रूप से चेक पावर तहसीलदार अथवा किसी डिप्टी कलेक्टर या एसडीएम को दे सकते हैं लेकिन इसके लिए कलेक्टर को भी पहले कोर्ट से परमिशन लेनी पड़ेगी क्योंकि यह मामला कोर्ट में विचाराधीन है और चेक पावर किसे दिए जाएंगे यह फैसला भी कोर्ट से पूछे बिना करना कोर्ट की अवमानना माना जाएगा। जिसके चलते फिलहाल चेक पावर किसे दिए जाएंगे कहना जल्दबाजी होगा।

### विश्वास बढ़ा

हाई कोर्ट ने जो फैसला सुनाया था सुप्रीम कोर्ट ने उसे ही कायम रखा है। इस फैसले से न्याय व्यवस्था में विश्वास रखने वालों का विश्वास और अधिक बढ़ेगा। मुझे जैसा एक आम व्यक्ति सरकार के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट तक पहुंच गया यह संविधान की शक्ति ही है जिसने हर इंसान को बराबर का अधिकार दिया है। मैं अदालत के इस फैसले का दिल खोलकर समर्थन करता हूं।

सुमेर सिंह
पार्षद एवं वादी

नशे के खिलाफ कराहल थाना पुलिस की बड़ी कार्रवाई

# कराहल पुलिस ने पकड़ी 78 हजार रुपए कीमत की स्मैक, दबोचे दो आरोपी

हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर



अवैध नशा कारोबार के खिलाफ कराहल थाना पुलिस ने बडी कार्रवाई करते हुए दो आरोपियों को दबोचा है। जिनके कब्जे से पुलिस ने 7.78 ग्राम स्मैक जब्त की गई है। जिसकी कीमत 78 हजार रूपए बताई गई है। पुलिस ने पकडे गए दोनों आरोपियों को कोर्ट में पेश करने के बाद जेल भेज दिया है।

कराहल टीआई यासमीन खान ने बताया कि इन दिनों पुलिस अधीक्षक सुधीर कुमार अग्रवाल के निर्देशन में अवैध नशा कारोबार से जुडे लोगों की धर पकड किए जाने के लिए अभियान चलाया गया है। इसी क्रम में मुखबिर की एक सटीक सूचना पर दबिश देकर गोल उर्फ मनोज पुत्र नंद किशोर कुशवाह निवासी शंकरपुर कराहल को दबोचा गया। जब उसकी तलाशी ली गई तो उसके पास से 6.17 ग्राम स्मैक रखी हुई पाई गई। जिसकी कीमत करीब 62 हजार रूपए बताई गई है। जब आरोपी गोलू से पूछताछ की गई तो उसने यह स्मैक आशु उर्फ अनीस पुत्र अकबर खान निवासी उधमपुरा कराहल से खरीदने की बात बताई। जिसके बाद आशु उर्फ अनीस खान को इस मामले में आरोपी बनाकर उसे अरेस्ट किया गया तो उसके कब्जे से 1.61 ग्राम स्मैक बरामद की गई। जिसकी कीमत 16000 रूपए बताई गई है। इस मामले में कराहल टीआई यासमीन खान के अलावा सउनि रामवरन सोलंकी, बृजेश राजौरिया, प्रआर हेमंत रावत, पवन शर्मा, हरिमोहन गुर्जर, विजय सिह जादौन, आर बृजमोहन गुर्जर, धर्मेन्द्र राठौर, पवन कटारे, विकाश शर्मा, अभिषेक गोत्तम, खालिद खांन व साइबर एक्सपर्ट राज बल्लभ का अहम योगदान रहा है।

# छह माह के सश्रम कारावास के साथ एक हजार रुपए के जुर्माने की सजा

हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर

अनुसूचित जाति वर्ग के व्यक्ति के साथ मारपीट करने संबंधी मामले में श्योपुर न्यायालय ने फैसला सुनाते हुए आरोपी को छह माह के सश्रम कारावास के साथ 1 हजार के जुर्माने की भी सजा सुना दी है। मारपीट का यह मामला दो साल पुराना है।

इस मामले में शासन की ओर से पैरवी करने वाले विशेष लोक अभियोजक राजेन्द्र जाधव एड ने बताया कि यह विवाद एक अप्रैल 2023 को राडेप गांव में हुआ,जहां हरिसिंह जाट पुत्र जयराम जाट निवासी राडेप ने गांव में ही दुकान लगाने वाले एक अजा वर्ग के व्यक्ति की जातीय अपमान करते हुए इसलिए मारपीट कर दी कि उसने उसके कहने पर दुकान में लगी बल्ली क्यों नहीं दी। यही नहीं, बीच बचाव करने के लिए जब पीडित की पत्नी आई तो उसके साथ भी धक्का मुक्की कर दी गई। इस मामले में पीडित की रिपोर्ट पर अजाक थाना पुलिस ने हरिसिंह जाट के खिलाफ मारपीट और एससीएसटी एक्ट के तहत मामला दर्ज कर चालान विशेष न्यायालय श्योपुर में प्रस्तुत किया। विचारण के दौरान न्यायालय ने हरिसिंह जाट को दोषी मानते हुए छह माह के सश्रम कारावास और एक हजार के अर्थदंड की सजा सुना दी।

# आपात स्थिति में सीपीआर बचाएगा जान:गोयल

हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर



कलेक्टर अर्पित वर्मा के निर्देशन में जिला अस्पताल में प्रशिक्षण सत्र का आयोजन किया गया, जिसमें नर्सिंग स्टाफ को कार्डियोपल्मोनरी रिससिटेशन (सीपीआर) देने का तरीका समझाया गया। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता सिविल सर्जन डॉ आरबी गोयल ने की, जबकि मुख्य वक्ता के रूप में मेडिसिन विभाग के विशेषज्ञ डॉ. विष्णु गर्ग, डॉ. जितेन्द्र यादव और डॉ. प्रेमराज मीणा मौजूद रहे।

सिविल सर्जन डॉ आरबी गोयल ने बताया कि इस प्रशिक्षण का उद्देश्य नर्सिंग स्टाफ को आपात स्थिति में सही और त्वरित कदम उठाने के लिए सशक्त बनाना है। इस तरह का प्रशिक्षण जीवन रक्षक साबित हो सकता है और जरूरत पड़ने पर किसी की जान बचाने में मदद कर सकता है।

प्रशिक्षण में नर्सिंग स्टाफ को बताया गया कि यदि किसी व्यक्ति को हृदय रुकने, बेहोशी, सांस न लेना, गले में कुछ फंसना या दुर्घटना के कारण सांस रुक जाने जैसी स्थिति में पाया जाए तो तुरंत क्या करना चाहिए। उन्होंने बताया कि पहले व्यक्ति को समतल स्थान पर लेटाएं, उसकी पीठ थपथपाएं, नाम पूछें और उसकी प्रतिक्रिया देखें। यदि वह प्रतिक्रिया न दे रहा हो और सांस नहीं ले रहा हो, तो तुरंत उसकी छाती के बीच हथेली रखकर दबाव डालें। यह प्रक्रिया 30 बार करें, फिर गैम्बुबैग का उपयोग कर कृत्रिम सांस दें। फिर से 30 बार छाती दबाएं। यह प्रक्रिया 8-10 बार तक जारी रखनी चाहिए जब तक व्यक्ति होश में न आ जाए या मेडिकल टीम पहुंच जाए।

# 9 दिसंबर तक चलेगा तंबाकू मुक्त युवा अभियान, होंगे कई कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर

राष्ट्रीय तंबाकू नियंत्रण कार्यक्रम के अंतर्गत तंबाकू मुक्त युवा अभियान 0.3 शुरू हो गया है। इस अभियान के द्वारा स्वास्थ्य विभाग के द्वारा लोगों से तंबाकू छोडने का संदेश देने संबंधी जागरूकता कार्यक्रमो का आयोजन शुरू कर दिया गया है। इस कार्यक्रम के नोडल अधिकारी डॉ प्रदीप शर्मा ने बताया कि 9 अक्टूबर से शुरू हुआ यह अभियान 9 दिसंबर तक चलेगा। इस दौरान लोग तंबाकू से दूरी बनाए,ऐसी जागरूकता लाने संबंधी कार्यक्रम आयोजित किया जाएंगे। स्कूल स्तर पर भी ऐसे कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। डॉ शर्मा ने बताया कि जिले के जो लोग तंबाकू छोडना चाहते है, उनके इस काम स्वास्थ्य विभाग की ओर से मदद की जाएगी।


# अनुशासन कठिन, लेकिन देता है उत्कृष्ण परिणामर:पांडे



श्योपुर। शासकीय सांदीपनि विद्यालय श्योपुर में शासकीय महाविद्यालय श्योपुर के पूर्व प्राचार्य स्वर्गीय बीसी पांडे के परिवार के सदस्यों हेमा, रीमा एवं अमित पांडे ने भ्रमण कर विद्यार्थियों से सार्थक चर्चा की। इस मौके पर उन्होंने छात्र-छात्राओं को देशभक्ति, अनुशासन और शिक्षकों के सम्मान का संदेश दिया। पांडे परिवार ने छात्र-छात्राओं को विभिन्न उत्कृष्ट गतिविधियों के लिए पुरस्कार भी दिए, जिनकी कुल राशि 2100 रुपये थी। विद्यालय के स्टाफ द्वारा उन्हें सम्मानित भी किया गया। इस अवसर पर प्राचार्य अशोक खंडेलवाल और उनका स्टाफ इस स्नेहपूर्ण आयोजन का हिस्सा बने। उल्लेखनीय है कि स्व. बीसी पांडे 40 वर्ष पूर्व शासकीय स्नाकोत्तर महाविद्यालय श्योपुर के प्राचार्य रह चुके हैं। उनका कार्यकाल शिक्षकों एवं विद्यार्थियों के लिए अंत्यन्त प्रेरणादायी रहा, जो आज भी विद्यार्थियों को लक्ष्य के प्रति दृढ संकल्पित होने के लिए प्रोत्साहित करता है

# श्योपुर में पहली बार मनाया जाएगा सीप नदी महोत्सव,होंगे कई कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर



कलेक्टर अर्पित वर्मा के मार्गदर्शन में श्योपुर जिले की लोक संस्कृति, परम्पराओं एवं पौराणिक धरोहरों को सहेजने संवारने एवं राज्य स्तर पर पहचान दिलाने के लिए जो प्रयास किए जा रहे है,उसी क्रम में श्योपुर जिले की जीवनरेखा कही जाने वाली सीप नदी के संरक्षण और महत्त्व को जन-जन तक पहुँचाने के उद्देश्य से "सीप नदी महोत्सव" मनाया जाएगा। पहली बार मनाए जाने वाले इस महोत्सव की प्रशासन के द्वारा तैयारियां भी शुरू कर दी गई है।

अपर कलेक्टर रूपेश उपाध्याय ने इस संबंध में जानकारी देते हुए बताया कि यह उत्सव 2 से 3 दिनों तक चलेगा, जिसकी तिथि विचाराधीन है। महोत्सव के पूर्व सीप नदी परिक्रमा आयोजित की जाएगी। जिले के विभिन्न स्थानों पर जनप्रतिनिधि एवं अधिकारी चुनरी यात्रा के साथ नदी पूजन करेंगे। इसके अतिरिक्त सीप नदी के योगदान पर परिचर्चा, व्याख्यान, निबंध एवं चित्रकला प्रतियोगिताएं आयोजित की जाएंगी। महोत्सव में भव्य सांस्कृतिक संध्या का आयोजन भी किया जाएगा। उल्लेखनीय है कि सीप नदी का उद्गम कराहल तहसील के पनवाड़ा गांव से होता है तथा यह मानपुर के समीप रामेश्वर त्रिवेणी संगम में चंबल नदी में मिल जाती है। नदी के तट पर अनेक प्रसिद्ध देवस्थल स्थित हैं, निमोदा मठ के कमलेश्वर महादेव, नयागांव के रामेश्वर महादेव, श्योपुर के सोमेश्वर महादेव, पंडित घाट के भुवनेश्वर महादेव, तथा मानपुर के मानेश्वर महादेव प्रमुख हैं। इसी त्रिवेणी संगम पर हर वर्ष लगने वाला रामेश्वर मेला जिले का सबसे महत्वपूर्ण सांस्कृतिक आयोजन माना जाता है। सीप नदी पर स्थित आवदा बांध जिले के अनेक गांवों की फसलों को सिंचाई का पानी उपलब्ध कराता है और लगभग 50 गांवों को निस्तार प्रदान करता है। इस प्रकार यह नदी जिले के धार्मिक ही नहीं बल्कि सामाजिक और आर्थिक जीवन से भी गहराई से जुड़ी हुई है।

# विजयपुर में खाद्य सुरक्षा विभाग की टीम ने उठाए सैंपल

हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर



विजयपुर कस्बे में खाद्य सुरक्षा विभाग की टीम ने एसडीएम विजयपुर अभिषेक मिश्रा के साथ कार्रवाई करते हुए खाद्य पदार्थो के सैम्पल उठाए। जिन्हें जांच के लिए राज्य स्तरीय प्रयोगशाला भोपाल के लिए भेजा गया है। शुक्रवार को एसडीएम विजयपुर अभिषेक मिश्रा एवं खाद्य सुरक्षा अधिकारी धर्मेन्द्र जैन द्वारा विजयपुर स्थित गोपाल मिष्ठान भण्डार से मावा, पनीर, श्याम दूध डेयरी, गोयल दूध डेयरी एवं दीपू गोयल डेयरी से घी और क्रीम के सैम्पल लिये गये। उक्त नमूनों को जांच के लिए राज्य स्तरीय प्रयोगशाला भोपाल भेजा गया है। एसडीएम अभिषेक मिश्रा ने बताया कि यदि सैम्पल अमानक पाये जाते है या मिलावटी होने की रिपोर्ट आती है तो विधिवत कार्यवाही की जायेगी। साथ ही त्योहारी सीजन में इस तरह का संघन जांच अभियान जारी रहेगा।

एसपी ने देखी थानों की व्यवस्थाएं,स्टाफ को दिए आवश्यक निर्देश

# थानों का निरीक्षण करने पहुंचे एसपी थानेदारों से बोले पुलिस पेट्रोलिंग बढ़ाएं, अवैध गतिविधियों पर अंकुश लगाएं

हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर

धनतेरस से दीपोत्सव की शुरूआत हो जाएगी। इसलिए त्यौहारी सुरक्षा को दृष्टिगत रखते हुए बाजार में सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखने के लिए आवश्यक कदम उठाए। इसके साथही पुलिस पेट्रोलिंग बढाई जाए। अवैध गतिविधियो पर भी अंकुश लगाया जाए। जहां से भी अवैध गतिविधियां चलने की सूचना आएगी,उस क्षेत्र के थाना प्रभारी के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। यह निर्देश एसपी सुधीर कुमार अग्रवाल ने श्योपुर और विजयपुर क्षेत्र के पुलिस थानों का निरीक्षण करते हुए थाना प्रभारियों को दिए। थानों का निरीक्षण करते हुए पुलिस अधीक्षक अग्रवाल ने थाने का रिकॉर्ड और व्यवस्थाए देखते हुए थाना स्टाफ को आवश्यक दिशा निर्देश भी दिए।

जिले की कमान संभालने के बाद पुलिस अधीक्षक सुधीर कुमार अग्रवाल ने पहली बार विजयपुर सब डिवीजन के थानों का औचक निरीक्षण करने के लिए पहुंचे। शुक्रवार को पुलिस अधीक्षक सुधीर कुमार अग्रवाल ने सबसे पहले अगरा और मगरदा थाने का निरीक्षण किया। इसके बाद विजयपुर, चिलवानी और गसवानी थाने का निरीक्षण करने के लिए पहुंचे। निरीक्षण के दौरान एसपी को सभी थानों में थाना प्रभारी समेत अन्य स्टाफ अलर्ट मोड में अपनी ड्यूटी करता हुआ मिला। थानों की व्यवस्थाएं भी चैक चैबंद नजर आए। एसपी ने थाना परिसर में घूमते हुए निरीक्षण किया और थाने में दर्ज अपराधिक रिकॉर्ड को देखते हुए अपराधों के निराकरण और पेडेंसी की जानकारी थाना प्रभारी से ली। एसपी सुधीर कुमार अग्रवाल ने थाना परिसर में थाना प्रभारी और स्टाफ की मीटिंग लेते हुए निर्देश दिए कि दीपावली पर आतिशबाजी बाजार भी सजेगा। इसलिए अपने क्षेत्र में जहां जहां भी आतिशबाजी बाजार सजे,वहां का थाना प्रभारी खुद जाकर निरीक्षण करे और पटाखो की विक्री व रख रखाव को लेकर नियमानुसार कार्रवाई करें। त्यौहारी सुरक्षा को लेकर क्षेत्र में पुलिस पेट्रोलिंग बढाते हुए अवैध गतिविधियों पर अंकुश लगाए। त्यौहार शांतिपूर्ण तरीके से मने, इसके लिए भी आवश्यक कदम उठाए जाए।



### स्टाफ की परेशानी भी जानी

थानों का निरीक्षण करते हुए पुलिस अधीक्षक सुधीर कुमार अग्रवाल ने थाना प्रभारी और स्टाफ की बैठक लेते हुए जहां स्टाफ को अपनी ड्यूटी का निर्वहन पूरी कर्तव्य निष्ठा के साथ दिए जाने के निर्देश दिए। वहीं पुलिसकर्मियों की समस्याएं भी जानी। उन्होंने थाना स्टाफ से पूछा कि विभागीय काम को करने में किसी तरह की कोई परेशानी तो नहीं आ रही है। यदि कोई समस्या या परेशानी आ रही है तो उसे बताए,उसका समाधान किए जाने की दिशा में कार्रवाई की जाएगी।

### गुरुवार को किया तीन थानों का निरीक्षण

पुलिस अधीक्षक सुधीर कुमार अग्रवाल ने शुक्रवार को अगरा, मगरदा, विजयपुर, चिलवानी और गसवानी थाने का निरीक्षण करने से पहले गुरूवार ढोढर, रघुनाथपुर और ओछापुरा थाने का निरीक्षण किया। गुरूवार की शाम को जिला मुख्यालय से रवाना हुए पुलिस अधीक्षक सबसे पहले ढोढर थाने का निरीक्षण करने के लिए पहुंचे। इसके बाद ओछापुरा और रघुनाथपुर थाने का निरीक्षण किया। इन थानों में एसपी ने थाना प्रभारी और स्टाफ की बैठक लेकर उन्हें जरूरी दिशा निर्देश दिए।

# कराहल में शिक्षकों का जीवन कौशल प्रशिक्षण आयोजित

हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर



रूम टू रीड इंडिया ट्रस्ट द्वारा जिला शिक्षा केन्द्र, श्योपुर के सहयोग से कराहल विकासखंड के 74 शासकीय माध्यमिक विद्यालयों के शिक्षकों के लिए तीन दिवसीय जीवन कौशल शिक्षक प्रशिक्षण के द्वितीय चरण का समापन समारोह पूर्वक हुआ। यह प्रशिक्षण 14 से 16 अक्टूबर तक एकलव्य आवासीय विद्यालय, कराहल में आयोजित किया गया। प्रशिक्षण के दौरान शिक्षकों को जीवन कौशल से जुड़े महत्वपूर्ण विषयों, आत्म-जागरूकता, प्रभावी संवाद, सामाजिक जागरूकता, आत्म-क्षमता, निर्णय लेना, दृढ़ता से अपनी बात रखना तथा किशोरावस्था में होने वाले बदलावों पर गहन जानकारी और व्यावहारिक अभ्यास कराए गए। प्रशिक्षण का संचालन दक्ष प्रशिक्षकों चरण सिंह धाकड़, पूजा कुमारी, वीरेंद्र कुमार और हरिशंकर शर्मा द्वारा किया गया। इस अवसर पर बालिका शिक्षा कार्यक्रम (जीईपी) के प्रोग्राम ऑफिसर बबलू यादव, गीतिका अग्रवाल ने नई शिक्षा नीति के अनुरूप बालिकाओं के लिए जीवन कौशल शिक्षा की आवश्यकता पर चर्चा की।

## महिला से छेड़छाड़,पुलिस ने दो माह बाद दर्ज की एफआईआर

श्योपुर। विजयपुर थाना क्षेत्र में एक महिला के साथ छेडछाड की घटना उस समय सामने आई,जब महिला अकेली जंगल से लकडियां काटकर घर लौट रही थी। लेकिन इस मामले में पुलिस ने दो माह बीतने के बाद आरोपी के खिलाफ छेडछाड किए जाने की एफआईआर दर्ज की है। बताया जा रहा है कि विजयपुर थाना क्षेत्र निवासी 35 वर्षीय महिला जब 12 अगस्त 2025 को जंगल से लकडियां लेकर घर लौट रही थी,तभी जंगल के रास्ते में उसे गांव ही कप्तान कुशवाह मिल गया, जिसने महिला को अकेला देखकर उसे बुरी नियत के इरादे से पकड लिया। इसके बाद आरोपी आगे कुछ कर पाता,उसके पहले ही महिला के द्वारा शोर मचाने पर वह उसे छोडकर भाग निकला। इस मामले की एफआईआर शुक्रवार को विजयपुर थाना पुलिस के द्वारा दर्ज की गई है। विजयपुर टीआई राकेश शर्मा ने बताया कि महिला एफआईआर दर्ज कराने के लिए अब थाने आई है। इसलिए मामले की एफआईआर अब दर्ज की गई है।

## खबर संक्षेप

### मारपीट की घटनाओं के कई मामले दर्ज

**अशोकनगर।** जिले के विभिन्न क्षेत्रों में मारपीट की घटनाओं के कई मामले दर्ज किए गये हैं। जिले के देहात थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम बहेरिया निवासी ऊषा बाई आदिवासी ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी शिशुपाल और प्रकाश आदिवासी ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। जिले के चन्देरी थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम फतेहाबाद निवासी फुन्दीलाल अहिरवार ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी वीर सिंह लोधी ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। जिले के पिपरई थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम खोरीबरी निवासी भोपाल सिंह यादव ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी प्रतिपाल यादव औश्र लखन बैरागी ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। जिले के बहादुरपुर थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम पिपरिया निवासी रामवती कुशवाह ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी रामगोपाल कुशवाह ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। जिले के सेहराई थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम भीलरी निवासी राजकुमार यादव ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी गब्बर और कृष्णपाल यादव ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। जिले के सेहराई थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम अमनचार निवासी जयपाल यादव ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी विकास यादव ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। जिले के सेहराई थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम कर्रा डोंगरा निवासी रामकृष्ण लोधी ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी महेन्द्र और नेतराम लोधी ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। इसी घटना में दूसरे पक्ष की ओर से नेतराम लोधी ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि रामकृष्ण लोधी ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी।

### रोजगार एवं स्वरोजगार मेला का आयोजन 31 को होगा

**अशोकनगर।** कलेक्टर आदित्य सिंह के मार्गदर्शन तथा एम.एस.एम.ई एवं कौशल विकास एवं रोजगार विभाग के निर्देशन अनुसार प्रत्येक माह रोजगार एवं स्वरोजगार मेलो का आयोजन किया जाता है। इसी क्रम में उच्च शिक्षा विभाग/राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन, एम.एस.एम.ई, कौशल विकास एवं रोजगार विभाग के समन्वय से आत्मनिर्भर मध्यप्रदेश अन्तर्गत जिला स्तर पर 31 अक्टूबर को शासकीय नेहरू महाविद्यालय अशोकनगर में प्रातः 11:00 बजे से युवा संगम अंतर्गत जिला स्तरीय रोजगार एवं स्वरोजगार मेला का आयोजन किया गया है। जिसमें प्रदेश की विभिन्न कंपनियों द्वारा मेला स्थल पर साक्षात्कार के माध्यम से निजी क्षेत्र में रोजगार एवं संबंधित विभाग द्वारा अलग अलग स्वरोजगार योजनाओ के बारे मे मार्गदर्शन उपलब्ध कराया जायेगा।

### शनिवार को नहीं होगा टोकन का वितरण

**अशोकनगर।** किसान भाईयो को सूचित किया जाता है कि जिले के सरकारी गोदाम डबल लोक केन्द्र विदिशा रोड़ अशोकनगर तथा ए.पी.एग्रो पुरानी मण्डी अशोकनगर से शुक्रवार एवं शनिवार को कोई नया टोकन जारी नहीं किया जायेगा। उर्वरक हेतु आगामी नये टोकन वितरण की तिथि हेतु समस्त जानकारी के लिए किसान भाइयों से अनुरोध है कि मो.नं. 7999818774, 9644969155 पर संपर्क कर जानकारी प्राप्त करें।

### कलेक्टर ने पत्रकारों से संवाद किया


**अशोकनगर।** दीपावली पर्व के उपलक्ष्य में कलेक्टर आदित्य सिंह ने गुरूवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में पत्रकारगणों से सौजन्य भेंट की। कलेक्टर द्वारा पत्रकारगणों को दीपावली पर्व की अग्रिम शुभकामनाएं एवं बधाई दी। साथ ही पत्रकारगणों को स्थानीय स्व सहायता समूहों द्वारा निर्मित दीपावली सामग्री उपहार स्वरूप भेंट की। कलेक्टर आदित्य सिंह ने कहा कि वोकल फॉर लोकल का संकल्प लें और आत्मनिर्भर भारत बनाने में अपनी सहभागिता निभाएं। उन्होंने कहा कि त्यौहारों पर स्थानीय कारीगरों द्वारा निर्मित सामग्री को अधिक से अधिक खरीदें।

## केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने वर्चुअल बैठक में अधिकारियों से की चर्चा

# हर प्रोजेक्ट की बने पूरी टाइम लाइनः सिंधिया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर





केंद्रीय संचार एवं उत्तर-पूर्वी क्षेत्र विकास मंत्री तथा गुना सांसद ज्योतिरादित्य सिंधिया ने अशोकनगर जिले के कलेक्टर, पुलिस अधीक्षक, संबंधित अधिकारीगण, स्थानीय विधायक, पार्टी पदाधिकारी और जनप्रतिनिधियों के साथ वर्चुअल बैठक की। बैठक में अशोकनगर शहर के प्रमुख तुलसी सरोवर के विकास, सौंदर्यीकरण और पर्यटन संभावनाओं पर विस्तार से चर्चा की गई।

### विकास कार्यों में गुणवत्ता और टिकाऊ सामग्री के उपयोग के निर्देश

सिंधिया ने कहा कि अशोकनगर शहर में होने वाले प्रत्येक विकास कार्य का उद्देश्य नागरिकों के जीवन स्तर को बेहतर बनाना, शहर की सांस्कृतिक एवं पर्यटन धरोहरों का संरक्षण करना होना चाहिए। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि सभी विकास कार्यों में गुणवत्ता, टिकाऊ सामग्री और पारदर्शिता का विशेष ध्यान रखा जाए।

### तुलसी सरोवर बनेगा महत्वपूर्ण पर्यटन केंद्र

सिंधिया ने अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि तुलसी सरोवर को केवल एक जल निकाय नहीं, बल्कि अशोकनगर का महत्वपूर्ण पर्यटन आकर्षण केंद्र बनाया जाना चाहिए। इसके साथ ही उन्होंने सरोवर पर आने वाले पर्यटकों और स्थानीय निवासियों की सुविधा के लिए सुनियोजित पार्किंग सुविधा और हॉकर जोन का निर्माण करने और लेक फ्रंट डेवलपमेंट में स्थानीय चंदेरी पत्थर का उपयोग करने पर के निर्देश दिए ताकि निर्माण में स्थानीय संस्कृति की झलक हो। साथ ही, सरोवर के सौंदर्य को बढ़ाने के लिए आधुनिक लाइटिंग के प्रयोग पर भी विशेष बल दिया।

### अशोकनगर में दिखे मध्यप्रदेश के राजघरानों की वीर गाथाएंः सिंधिया

केन्द्रीय मंत्री सिंधिया ने अधिकारियों को विशेष निर्देश दिए कि सभी वास्तुकलाओं में ग्वालियर सहित मध्य प्रदेश के ऐतिहासिक वीर गाथाओं की छवि दिखनी चाहिए। सौंदर्यीकरण में मध्य प्रदेश द्वारा विभिन्न काल खंडों में लड़ी गई लड़ाइयों, उनके संघर्षों और विजय गाथाओं की कहानी झलकनी चाहिए। इन कलाओं से स्पष्ट रूप से वीर योद्धाओं की महान गाथाओं को संदेश मिलने चाहिए।

### बैजू बावरा और महात्मा गांधी की मूर्ति का प्रस्ताव

बैठक में केन्द्रीय मंत्री ने ग्वालियर के महान गायक बैजू बैवरा और महात्मा गांधी की प्रतिमा स्थापित करने का प्रस्ताव रखा। उन्होंने बैजू बावरा के संबंध में कहा कि महान गायक का इतिहास इस क्षेत्र से जुड़ा हुआ है और उनकी स्मृति में अशोकनगर में उनकी प्रतिमा स्थापित करना उनकी विरासत को अमर करेगा। सिंधिया ने विश्वास व्यक्त किया कि इन मूर्ति के कारण अशोकनगर को देशभर में एक विशिष्ट पर्यटन पहचान मिलेगी।

### स्थानीय संस्कृति और परंपरा का बनाए रखें सम्मानः सिंधिया

केंद्रीय मंत्री ने अधिकारियों और जनप्रतिनिधियों से आग्रह किया कि विकास कार्यों में स्थानीय इतिहास, परंपरा और विरासत की झलक अवश्य परिलक्षित होनी चाहिए। इस दौरान उन्होंने हर प्रोजेक्ट के लिए टाइमलाइन सहित पूरा प्लान मांगा और साथ ही धनराशि का पूर्णत सही उपयोग करने की भी बात कही। उन्होंने कहा कि हमारा लक्ष्य अशोकनगर को आधुनिक सुविधाओं से युक्त, साथ ही सांस्कृतिक और पर्यटन दृष्टि से आकर्षक बनाना है, यही हम सबकी साझा जिम्मेदारी है। बैठक के दौरान सिंधिया ने सभी से शहरवासियों के सहयोग और सक्रिय सहभागिता से ही अशोकनगर को एक उदाहरणीय शहर बनाने का आह्वान किया।



### अवैध हथियार और कारतूस सहित आरोपी गिरफ्तार

**अशोकनगर।** गुरूवार को पुलिस अधीक्षक अशोकनगर राजीव कुमार मिश्रा के निर्देशन में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक गजेन्द्र सिंह कंवर एवं अनुविभागीय अधिकारी (पुलिस) अनुभाग चन्देरी शैलेन्द्र शर्मा के मार्गदर्शन में थाना पिपरई को एक महत्वपूर्ण सफलता प्राप्त हुई है, जिसके अंतर्गत एक आरोपी को देशी कट्टा एवं जीवित कारतूस सहित गिरफ्तार किया गया है। उल्लेखनीय है कि दिनांक 16.10.2025 को रात्रि में मुखबिर द्वारा सूचना प्राप्त हुई कि एक व्यक्ति अवैध हथियार लिये हुए सीएम राईज स्कूल के सामने, मुंगावली रोड किनारे संदिग्ध अवस्था में घूम रहा है। सूचना की गंभीरता को देखते हुए, प्रभारी थाना पिपरई सउनि0 छगन सिंह द्वारा तत्काल पुलिस बल गठित किया गया तथा मुखबिर के बताए स्थान पर दबिश दी गई। दबिश के दौरान एक व्यक्ति को पकड़कर उसका नाम-पता पूछने पर उसने अपना नाम रामलखन पुत्र वीरसिंह कटारिया, उम्र 31 वर्ष, निवासी ग्राम छितरी, हाल निवासी पागलपुर मोहल्ला, थाना पिपरई, जिला अशोकनगर बताया।

## मुंगावली में शहीदों और क्रांतिकारियों के चित्र व दुर्लभ दस्तावेज की प्रदर्शनी

**केंद्रीय मंत्री सिंधिया ने अवलोकन कर सराहना की**



हरिभूमि न्यूज ▶▶ बीना

गणेश शंकर विद्यार्थी महाविद्यालय मुंगावली में बीना की अथक पथ संग्रहालय के द्वारा शहीदों एवं क्रांतिकारियों के चित्र एवं दुर्लभ दस्तावेज की प्रदर्शनी लगाई गई। जिसका केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने अवलोकन किया।

अथक पथ संग्रहालय के संचालक राम शर्मा ने बताया कि गणेश शंकर विद्यार्थी महाविद्यालय मुंगावली में केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने स्वामी विवेकानंद एवं क्रांतिकारी पत्रकार गणेश शंकर विद्यार्थी की मूर्ति का लोकार्पण करने पहुंचे थे। इस अवसर पर अथक पथ संग्रहालय के द्वारा लगाई गई शहीदों क्रांतिकारियों के चित्र एवं दुर्लभ दस्तावेज जो गणेश शंकर विद्यार्थी एवं विवेकानंद से जुड़े हुए चित्र थे केंद्रीय मंत्री सिंधिया ने अवलोकन कर प्रदर्शनी सराहना की। मातृभूमि सेवा संस्था के राष्ट्रीय मार्गदर्शक राम शर्मा ने क्रांतिकारियों का कैलेंडर भेंट किया।

इस अवसर पर पूर्व मंत्री विधायक बृजेंद्र सिंह यादव, जिला अध्यक्ष आलोक तिवारी, पूर्व विधायक अशोकनगर जसपाल सिंह जज्जी, महाविद्यालय प्राचार्य सचिन शाह राजपूत एवं जनभागीदारी समिति से दीपक पालीवाल, डॉ. सरिता बत्रा सहित जनप्रतिनिधि एवं अधिकारियों ने प्रदर्शनी का अवलोकन किया।

## पतंजलि योग समिति बीना तहसील इकाई की बैठक वैदिक वेद मंत्रोच्चारण के साथ संपन्न

# योग, आयुर्वेद, जैविक आहार और स्वदेशी उत्पादों से संस्कारयुक्त चरित्र का निर्माणः भगत सिंह योगाचार्य

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बीना



नरसिंह मंदिर परिसर में पतंजलि योग समिति बीना तहसील इकाई की बैठक वैदिक वेद मंत्रोच्चारण के साथ संपन्न हुई। बैठक में मुख्य अतिथि राज्य प्रभारी भगत सिंह योगाचार्य, विशेष अतिथि इंजीनियर एसआर सिंह सह जिला प्रभारी भारत स्वाभिमान ट्रस्ट सागर एवं अध्यक्ष योग शिक्षक बृजेश शर्मा मौजूद रहे।

बैठक में आध्यात्मिक दृष्टि से बीना को जिला बनाए जाने के प्रस्ताव पर सर्वसम्मति से सहमति बनी। तहसील प्रभारी अतुल तिवारी ने प्रगति प्रतिवेदन प्रस्तुत करते हुए बताया कि बीना में पतंजलि योग समिति के माध्यम से निःशुल्क योग कक्षाएं पिछले दो दशकों से निरंतर संचालित की जा रही हैं। उन्होंने कहा कि सागर मुख्यालय से बीना की दूरी 80 किमी है, जिससे आवागमन में समय व आर्थिक व्यय अधिक होता है। बीना को जिला बनाए जाने से संगठन की गतिविधियां और अधिक प्रभावी व सशक्त होंगी। राज्य प्रभारी योगाचार्य भगत सिंह ने कहा कि योग से केवल रोग मुक्ति ही नहीं, बल्कि नशामुक्त, संस्कारयुक्त और चरित्रवान जीवन का निर्माण होता है। योग, आयुर्वेद, जैविक आहार, स्वदेशी उत्पाद और परंपरागत चिकित्सा ही भारतीयता का आधार हैं। पतंजलि योगपीठ हरिद्वार, भारतीय शिक्षा बोर्ड के माध्यम से ऐसी पीढ़ी तैयार कर रहा है जो स्वास्थ्य और संस्कार से परिपूर्ण है।

उन्होंने सुझाव दिया कि बीना में सहयोग शिक्षक प्रशिक्षण शिविर आयोजित कर संगठन को और सशक्त बनाया जा सकता है। तीन माह की निःशुल्क योग कक्षा संचालित करने वाले योग साधक पतंजलि योगपीठ हरिद्वार से शिक्षित होकर मुख्य योग शिक्षक बन सकते हैं। उन्होंने बताया कि राज्य स्तर पर प्रस्ताव पारित कर केंद्र को भेजा जाएगा। ताकि बीना, खुरई, राहतगढ़, मालथौन, और कुरवाई तहसीलों को मिलाकर बीना जिला बनाया जा सके। इंजीनियर एसआर सिंह ने कहा कि वही नगर और गांव स्वस्थ कहलाता है जिसके रहवासी जागरूक और उत्साही हों। पतंजलि योग पीठ हरिद्वार भारतीय वैदिक परंपरा का आधुनिक अनुसंधान केंद्र है। जिसने विश्व में भारत का स्वाभिमान पुनः स्थापित किया है। अध्यक्षीय उद्बोधन में ब्रजेश शर्मा ने कहा कि योग सेवा समर्पण, अनुशासन और तप का मार्ग है जो समाज को आध्यात्मिक बल प्रदान करता है। इस अवसर पर राज्य प्रभारी भगत सिंह योगाचार्य ने वरिष्ठ योग शिक्षक ब्रजेश शर्मा, तहसील प्रभारी अतुल तिवारी, तथा सत्यनारायण कबीरपंथी को पुष्पहार भेंट कर सम्मानित किया। आभार प्रदर्शन तहसील प्रभारी अतुल तिवारी ने किया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से प्रदीप श्रीवास्तव, राम जगत कुर्मी, अजीत सिंह ठाकुर, प्रदीप तिवारी, राजेश चौबे, बहादुर सिंह परमार, अभिजीत तोमर सहित अनेक साधक उपस्थित रहे।

## रंगोली और दीपक थाली सजावट प्रतियोगिता आयोजित

**अशोकनगर।** गुरुकुल श्री नवचेतन विद्या मंदिर हायर सेकेंडरी स्कूल तायडे कॉलोनी में दीपावली के अवसर पर विद्यालय के समस्त छात्राओं द्वारा कार्यक्रम रखे गए। जिसमें रंगोली प्रतियोगिता एवं दीपक थाली सजावट प्रतियोगिता आयोजित की गई। रंगोली में बच्चों द्वारा बड़ी ही मनमोहक रंगोली तैयार की गई जिसमें कुछ समय पूर्व हुई अहमदाबाद में विमान दुर्घटना का चित्रण किया गया, एवं पुलवामा में हुए आतंकी हमले (ऑपरेशन सिंदूर)का भी रंगोली के माध्यम से चित्रण किया गया। साथ ही नशा मुक्त भारत अभियान, वन बचाओ अभियान,



महिला सशक्तिकरण, गौ हत्या बंद करो, डिजिटल इंडिया, बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ अभियान, सोशल मीडिया की दुष्परिणाम, पर्यावरण संरक्षण एक विभिन्न कई प्रकार की मनमोहित रंगोलीयां बनाई गई। इस कार्यक्रम में विद्यालय के गिर्राज शर्मा, प्राचार्य मोनिका शर्मा एवं समस्त स्टाफ अखिलेश श्रीवास्तव, संगीता देशपांडे, किलविंदर कौर, नैना कौर, रितिका लोधी, वीरेंद्र चंदेल, संजू लोधी,भारती रघुवंशी, अमित परचइयां,अरुण नामदेव, दुष्यंत, संजना, मुस्कान, पूनम, तनु, मुस्कान जैन समस्त स्टाफ की भागीदारी रही।


## मुंगावली में विधानसभा स्तरीय सम्मेलन

**मुंगावली।** भाजपा द्वारा पूरे देश मे आत्मनिर्भर भारत संकल्प अभियान के माध्यम से लोगो को जागरूक कर रही है कि ज्यादा से ज्यादा स्वदेशी चीजें अपनाएं,साथ ही व्यापारियों से चर्चा भी की गई। इसी क्रम में भाजपा द्वारा शुक्रवार को दोपहर में नगर के एसआर गार्डन में विधानसभा स्तरीय आत्म निर्भर संकल्प अभियान सम्मेलन का आयोजन किया, जिसमें नगर के सभी किराना व्यापारी,ग्रेन मर्चेंट, हार्डवेयर व्यापारी,होटल संचालक,मेडिकल संचालक, कीटनाशक दवाई विक्रेता,फुटवेयर दुकानदार, कपड़ा व्यापारी, स्ट्रीट वेंडर, मोबाईल विक्रेता, वर्तन विक्रेता, इलेक्ट्रानिक विक्रेता शामिल होंगे आत्म निर्भर संकल्प अभियान के जिला सह संयोजक दीपक पालीवाल ने बताया कि यह सम्मेलन विधानसभा स्तर पर किया। इसका मूल उद्देश्य लोकल फ़ॉर वोकल के साथ साथ स्वदेशी उत्पाद अपनाने को प्रेरित करना है ओर लोगो को स्वदेशी चीजो से जोड़ना है क्योंकि हमें अपने आसपास बने लोगो से देशी चीजे लेकर त्यौहार मनाना है जिससे हमारे आसपास रहने वाले लोगो को रोजगार मिलेगा ही साथ मे लोग आत्मनिर्भर भी बनेंगे। इस आत्म निर्भर संकल्प अभियान के जिला संयोजक रविंद्र लोधी,जिला सह संयोजक शीला जाटव वही मुंगावली मंडल के प्रभारी मंडल महामंत्री रामबाबू दुबे, मंडल महामंत्री अविनाश यादव सह संयोजक एवं आईटी सेल जिला सहसंयोजक सौरभ सक्सेना है।

## मुनिश्री सुधासागर महाराज ने जैन समाज के श्रद्धालुओं को संबोधित करते हुए कहा...

# रोटी का सुख पाना है तो गेहूं को पीसकर रोटी बनाना होगाः मुनिश्री

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर





दिगम्बर जैन दर्शन के आध्यात्मिक संत पुंगव मुनि श्री सुधासागर जी महाराज ने श्रद्धालुओं को संबोधित करते हुए कहा कि रोटी का सुख पाना है तो गेहूं को पीसकर रोटी बनाना होगा। गेहूं में रोटी की शक्ति है। रोटी का सुख नहीं मिल सकता उसका स्वाद नहीं आ सकता यदि गेहूं को खा लिया तो पेट में दर्द हो जायेगा ऐसे ही शुद्ध निश्चय से आत्मा को जानें उसे अनुभव नहीं कर सकते।

उन्होनें कहा कि जैन दर्शन जीव को उस दशा में पहुंचा देता है जहां स्वयं की पर्यायों की भी परवाह नहीं करते। सिद्ध भगवान को सिद्ध पर्याय का आनंद नहीं आता उन्हें आकार नहीं दिखता उन्हें आकार झलकता तो जरूर है लेकिन वह अनुभव नहीं करते। सिद्ध पर्याय हैं उनकी दशा इतनी ऊंची हो गई कि वहां पर्याय उत्पन्न होती रहती है और मिटती रहतीं हैं। उन्हें अनुभव में नहीं है कि उन्होंने चार घातिया कर्म नष्ट कर दिये उनके अनुभव में नहीं आ रहा है कि उन्होंने घातिया अघातिया कर्म को नष्ट कर दिया।

उन्होने कहा कि रसना इन्द्री पर विजय उसको मिलती है जिसके सामने खाना रखा है और फिर भी नहीं खा रहा है। सदभाव में अहभाव मुनि राज की सबसे बड़ी तपस्या करते हैं। 24 घंटे साधु कैसे रहता है हमें पता नहीं है लेकिन चैंके में साधु को सब कुछ देना चाहते हैं। साधु ले सकता है फिर भी साधु कहता है कि नहीं यह मैं नहीं लूंगा। यह सबसे बड़ी बात है। चक्रवर्ती दस लक्षण पर्व दस दिनों तक दस उपवास करता है। उसे देखने देवता आते हैं चक्रवर्ती के आधे लड्डू में पूरा अशोकनगर निपट जाये और नगर वासियों को पचे भी नहीं ऐसे वत्तीस लड्डू खाता है। वह उपवास कर रहा है। ऐसे उपवास करने बाले को उपवास करते हुए कैसा लग रहा है यह देखते हैं देवता। जिसके महल है फिर भी सुदर्शन सेठ जंगल में जाकर सामायिक कर रहे हैं जिनको मखमल के कम्बल की चुभन हो रही है।

### जिंदगी में ऐसा कोई काम मत करना कि तुम्हे पछतावा हो

उन्होंने कहा कि निश्चय नय से कहा था कि तेरी आत्मा शुद्ध है बुद्ध है इतना कहते ही वह आत्मा का आनंद लेने बैठ गया। वस यही चूकं हो गई गेहूं में रोटी का आनंद लेने बैठ गया यही सबसे बड़ी ग़लती हो गई। जिंदगी का सबसे बड़ा दुर्भाग्य मानना कि तुम्हारे लिए पापा ने मारा मैं तुम्हारा राम दुश्मन से पिटकर आय्ओ में हाथ फेर दूंगा तुम ठीक हो जाएगा। दुश्मन तुम्हारे लिए मार दे तो ठीक हो जाएगा लेकिन पिता ने मार दिया तो चोट ठीक नहीं होगी। लेकिन एक बात ध्यान रखना पीटें तो रोकना नहीं जिंदगी में ऐसा कोई काम मत करना कि तुम्हारे लिए माता पिता को पीटना पड़े बस यह नियम पाल लिया तो जाओ तुम्हारा वैडा पार हो जायेगा।

### पंच कल्याणक महा महोत्सव के लिए पात्रों का चयन

इसके पहले जैन समाज के मंत्री विजय धुर्रा ने कहा कि परम पूज्य राष्ट्र संत मुनि पुगंव श्री सुधासागरजी महाराज ससंघ व प्रतिष्ठाचार्य बालब्रह्मचारी प्रदीप भैया के निर्देशन में 9 दिसम्बर से 15 दिसम्बर तक श्रीमद् जिनेन्द्र पंच कल्याणक प्रतिष्ठा महा महोत्सव एवं विश्व शांति महायज्ञ व गजरथ महोत्सव भव्य आयोजन होगा। इस शाही महामहोत्सव में हर घर से एक जोड़ी इन्द्र इन्द्राणी का बने। इन्द्र इन्द्राणी को वस्त्र आभूषण हार मुकुट के साथ ही शुद्ध भोजन की व्यवस्था कमेटी द्वारा की जायेगी जिससे कि सभी भक्त निश्चित होकर भक्ति कर सके। कल धनतेरस को महा महोत्सव के प्रमुख पात्र में भगवान के माता-पिता का चयन किया जाएगा। इस हेतु सभी को अपनी पात्रता सम्बंधी फर्म पंचायत कमेटी के कार्यालय से दिए जा रहे हैं। जैन समाज अध्यक्ष राकेश कासंल महामंत्री राकेश अमरोद कोषाध्यक्ष सुनील अखाई उपाध्यक्ष अजित बरोदिया प्रदीप तारई राजेन्द्र अमन मंत्री शैलेन्द्र श्रागर मंत्री विजय धुर्रा मंत्री संजीव भारल्लिय मीडिया प्रभारी अरविंद कचनार आडिटर सजंय के टी थूवोनजी अध्यक्ष अशोक जैन टींगू मिल महामंत्री मनोज भैसरवास सहित प्रमुख जनो ने सभी से अनुरोध किया पहले अपना नाम देकर महोत्सव की शौभा बढ़ाएं।